मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–1, मई 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ने बिहार के डीलरों को किया प्रोत्साहित




देश की अग्रणी स्टील, पेंट एवं निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने बिहार में अपना मार्केटिंग नेटवर्क मजबूत करने और डीलरों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पटना में डीलर्स मीट का आयोजन किया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के इस भव्य कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जनरल मैनेजर श्री एस बी शर्मा, जनरल मैनेजर श्री वाई आर पंडिता और सीनियर मैनेजर (ब्रांड प्रोमोशन) श्री चंदन गोस्वामी ने हिस्सा लिया।

लाइसेंस समझौते के तहत बिहार में कामधेनु ब्रैंड टीएमटी सरिया बनाने वाली कंपनी मेसर्स दादी जी स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर श्री रमेश गुप्ता, श्री विनय सिंह, श्री विजय गुप्ता और श्री शिशिर अग्रवाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बिहार के 250 से ज्यादा डीलरों ने भी हिस्सा लिया। डीलरों को संबोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "अपने प्रतियोगियों के मुकाबले पिछले कुछ सालों में कंपनी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर है, जिससे वे ग्राहकों की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। हमारे पास बाजार की बड़ी हिस्सेदारी के साथ ग्राहकों का भरोसा भी है। राज्य में कामधेनु की मजबूत ब्रैंडिंग का ही नतीजा है कि लोग इसे टीएमटी सरिये के नाम से पहचानते हैं। उनके लिए टीएमटी सरिये का मतलब है कामधेनु।" उन्होंने डीलरों को और ज्यादा कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में बेहतर मुनाफे का वादा भी किया।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा, "बिहार, कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। राज्य की विकास दर को देखते हुए यहाँ अभी आगे बढ़ने की बहुत संभावनाएं नजर आती हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश की उन चुनिंदा कंपनियों में से है जो 500डी और एफई–500 जैसी उन्नत गुणवत्ता का स्टील बना सकती हैं।"

इस कार्यक्रम में कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ डीलरों को सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर डीलरों ने आने वाले सालों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बिक्री बढ़ाने का भरोसा जताया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जी एम श्री वाई आर पंडिता एवं दादी जी स्टील लिमिटेड के श्री अखिलेश सिंह को भी उनकी बेहतरीन कार्य कुशलता के लिये सम्मानित किया गया।

दादी जी स्टील के डायरेक्टर श्री रमेश गुप्ता ने कार्यक्रम में शामिल हुए कंपनी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों और डीलरों को धन्यवाद दिया। श्री गुप्ता ने कहा, "राज्य में कंपनी की मौजूदा विकास दर 14 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये कई तरह की बिक्री योजनाएं शुरू की गई हैं। जो डीलर बिक्री लक्ष्य हासिल करने में कामयाब रहेंगे, उन्हें कंपनी की ओर से कई तरह के अन्य फायदे भी दिए जाएंगे।"

# अमेरिका से होवित्जर तोप खरीदेगा भारत



बोफोर्स तोप खरीदने के 27 साल बाद भारत एक बार फिर तोप खरीदने को तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने 11 मई को अमेरिका से 145 अल्ट्रा–लाइट होवित्जर तोपों को खरीदने के सेना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सेना का 3000 करोड़ रुपये का यह प्रस्ताव काफी समय से लम्बित था। रक्षा मंत्री एके एंटनी की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने एम777 बीएई सिस्टम तोपों के सौदे को मंजूरी दी। इन तोपों की खरीदारी 'फॉरेश मिलिट्री सेल्स' (एफएमएस) के जरिए अमेरिका से की जाएगी। इसके पहले सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने सैन्य साजो–सामान में कमी का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखा था। इसके बाद इस सौदे को मंजूरी दी गई है।

वजन में हल्की 155 मिलीमीटर 39–कैलिबर तोप को हवाई जहाज से आसानी से ले जाया जा सकता है। इन तोपों को चीन सीमा से लगे जम्मू एवं कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र एवं पूर्वोत्तर के पर्वतीय इलाकों में तैनात किया जाएगा। अमेरिका के बीएई सिस्टम्स द्वारा निर्मित एम 777 तोपों को आसानी से हवाई जहाज द्वारा लाया व ले जाया जा सकता है और पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी से तैनात करने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# दिल्ली में गरीबों के प्लॉट होंगे रेगुलर



दिल्ली सरकार ने गरीबों के उन प्लॉटों को नियमित करने का निर्णय लिया है जो 1980 के दशक में उन्हें 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत आवंटित किए गए थे। दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने प्लॉटों को रेगुलर करने को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के मुताबिक राजधानी में 1980 के दशक में हजारों गरीबों को 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत प्लॉट दिए गए थे, जिन्हें वे खेती के अलावा आवास के लिए भी प्रयोग कर रहे हैं। अब सरकार इन प्लॉटों का नियमित करेगी ताकि गरीबों को उनका वाजिब हक मिल सके। ऐसा होने से इन प्लाटों पर रहने वाले लोगों को उनका मालिकाना हक भी मिल जाएगा।

मुख्यमंत्री के मुताबिक इस आशय का आदेश जल्द ही संबधित विभाग को भेज दिया जाएगा, ताकि वह सही मायनों में लागू हो जाए। इस नियम के तहत सिर्फ मूल आवंटी के प्लॉटों को नियमित किया जाएगा। बाद में कानूनी वारिसों को तवज्जो दी जाएगी।

# कॉमनवेल्थ फ्लैटों की नीलामी से डीडीए की झोली भरी



देश भर का रियल्टी बाजार और डेवलपर बेशक मंदी की मार झेल रहा हो लेकिन देश की राजधानी में कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए बने फ्लैट्स की नीलामी में लगी बोलियां कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। 21 मई को यहां 110 फ्लैट्स की नीलामी में सरकारी डेवलपर डीडीए रिजर्व प्राइस से करीब 25 फीसदी ज्यादा कमाने में कामयाब रहा।

दिल्ली के किसी पॉश इलाके में नहीं बल्कि पूर्वी दिल्ली के यमुना पार में 1 फ्लैट 7.3 करोड़ रुपये में बिका है, और दिलचस्प बात यह रही कि इन फ्लैट्स को सरकारी बैंकों और कंपनियों ने खरीदा है। 110 फ्लैट्स में से डीडीए ने 87 फ्लैट्स नीलाम किए और 80 फीसदी फ्लैट्स सरकारी कंपनियों ने अपने आला अधिकारियों के रहने के लिए खरीदे हैं।

कॉमनवेल्थ के खिलाड़ियों के लिए बने इन फ्लैट्स की नीलामी से डीडीए ने करीब 400 करोड़ रुपये कमाए। औसतन हर एक फ्लैट के लिए अथॉरिटी को करीब 3.5 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत मिली।




# कामधेनु पेंट्स ने हिमाचल के डीलरों के सहयोग को सराहा

**Colour Dreamz** ब्रैंड नाम से पेंट बनाने वाली कामधेनु पेंट्स ने हिमाचल प्रदेश में अपने डीलरों के उल्लेखनीय योगदान की जमकर तारीफ की है। कामधेनु पेंट्स अपने डीलरों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने और उनके योगदान की सराहना करने के लिए 11 मई 2012 को शहर के होटल सूर्या विलास में भव्य डीलर्स मीट का आयोजन किया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश में कामधेनु पेंट्स के डीलरों को मार्केटिंग रणनीति और राज्य में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर आपस में चर्चा करने का अवसर मिला।

इस डीलर्स मीट में कामधेनु इस्पाात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल, मार्केटिंग हेड (आल इंडिया) श्री राजकुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक श्री हरबिन्दर सिंह, सीनियर एरिया सेल्स मैनेजर श्री निहाल राप्तार और ब्रांड प्रोमोशन मैनेजर श्री लवजीत सिंह सहित कामधेनु पेंट्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हिमाचल प्रदेश में कार्यरत कामधेनु पेंट्स के 100 से भी अधिक डीलरों ने इस समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर श्री सचिन अग्रवाल ने हिमाचल में कामधेनु पेंट को उल्लेखनीय सफलता दिलाने के लिए सभी डीलरों का शुक्रिया अदा किया। श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "राज्य में इतने व्यापक स्तर पर डीलरों के कार्यरत होने पर हमें बेहद गर्व है। ये डीलर पिछले कई वर्षो से बाजार में बेहतर काम कर रहे हैं। यह उनकी ईमानदार कोशिशों और समर्थन का ही परिणाम है कि कामधेनु पेंट्स भारत की शीर्ष 10 पेंट कंपनियों में नाम दर्ज कराने में सक्षम हुई है। मुझे उम्मीद है कि हमारा साथ लंबे समय तक बना रहेगा और हम भविष्य में बाजार की और अधिक हिस्सेदारी को प्राप्त करने में सफल रहेंगे ।" उन्होंने अपने सभी डीलरों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने का भी वादा किया।

कामधेनु पेंट्स की विकास की संभावनाओं की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलर्स को बताया, "कंपनी ने उच्च गुणवत्ता वाले पेंट बनाने के लिए अपने उत्पादन संयंत्र को तकनीकी तौर पर और बेहतर बनाया है। हम समाज के सामान्य वर्ग से लेकर लग्जरी पसंद उच्च वर्ग तक बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद मुहैया करा रहे हैं।"

संबोधन सत्र के बाद, पुरस्कार वितरण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कामधेनु पेंट्स ने हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक बिक्री के लिये कांडी रोड स्थित मेसर्स शिव शिवा हार्डवेयर स्टोर को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। इस श्रेणी में दूसरा पुरस्कार भुंतर स्थित मेसर्स उप्पेल हार्डवेयर स्टोर और तीसरा पुरस्कार रोहरू स्थित मेसर्स दिल्ली स्टोर को प्रदान किया गया।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**मैसर्स श्री चमुन्डा माता स्टील**
श्री राजेश मलहोत्रा
दारी,जिला कांगड़ा
(हिमाचल प्रदेश)
फोनः 09414010501

**मैसर्स लाखी राम पेन्ट्स एण्ड हार्डवेयर हाउस**
श्री सुमित
84 सैयद मोहल्ला चकराता रोड, देहरादून
फोनः 09412914843

**मैसर्स बरतवाल हार्डवेयर एण्ड पेन्ट्स**
श्री सतेन्द्र बरतवाल
मेन बाजार सेलाकी, उत्तराखण्ड
फोनः 09917153698

# माउंट आबू में हुई कामधेनु पेंट्स की डीलर्स मीट




बुनियादी ढांचा और निर्माण सामग्री के क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई, कामधेनु पेंट्स ने राजस्थान में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए माउंट आबू में एक डीलर मीट आयोजित की। कंपनी ने राज्य में अपने बड़े डीलरों को बधाई देने के साथ अन्य डीलरों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया।

कामधेनु पेंट्स ब्रैंड के विकास में डीलरों के योगदान को स्वीकार करते हुए कंपनी ने 6 मई को माउंट आबू के होटल पहलानपुर पैलेस में उन्हें पुरस्कृत भी किया।

कामधेनु पेंट्स के मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मेसर्स अनिल छाबरा एंड कंपनी के श्री अनिल छाबरा, एरिया सेल्स मैनेजर श्री अजय शर्मा, श्री वी एस चौधरी और श्री जय सिंह शेखावत के साथ मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन) श्री लवजीत सिंह ने राजस्थान के करीब 50 डीलरों का से स्वागत किया।

श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग हेड (कामधेनु पेंट्स), ने कामधेनु पेंट्स के ***Colour Dreamz*** ब्रैंड को आगे बढ़ाने में राजस्थान के डीलरों की सराहना करने के साथ–साथ उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। माउंट आबू में कंपनी ने अपने बड़े सहयोगियों के साथ कंपनी की भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। कंपनी ने उन्हें नई मार्केटिंग नीति और बिक्री योजनाओं की जानकारी दी।

# गुरूदासपुर में हुई सीएपी




पंजाब में निर्माण उद्योग से जुड़े लोगों से सीधे जुड़ने के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने गुरुदासपुर के धारीवाल में उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम (सीएपी) का आयोजन किया। अजीत रिसॉर्ट में हुए इस कार्यक्रम में 70 से ज्यादा ठेकेदारों और मिस्त्रियों ने शिरकत की।

कामधेनु इस्पात की ओर से सीएपी में महाप्रबंधक श्री वी के गहलौत, प्रबंधक श्री रजनीश गुप्ता, श्री हिमांशु शर्मा और क्वालिटी इंचार्ज श्री मुकेश कुमार उपस्थित थे। कंपनी के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

श्री गहलौत ने सीएपी में उपस्थित ठेकेदारों और मिस्त्रियों को कामधेनु टीएमटी सरिये की बेहतरीन गुणवत्ता की जानकारी दी। उन्होंने एफई–500 डी की गुणवत्ता के साथ इसके इस्तेमाल करने के सही तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री गहलौत ने उपस्थित ठेकेदारों और मिस्त्रियों के सवालों का जवाब भी दिया। वहीं श्री गुप्ता ने उन्हें कामधेनु इस्पात लिमिटेड की नीतियों के साथ–साथ देश भर में कंपनी की विस्तार योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

यह कार्यक्रम धारीवाल में कंपनी के डीलर हरजीत आयरन एंड हार्डवेयर के हरजीत सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com